रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/02/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB JE DMS CMA |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB JE DMS CMA**

**Q.1** जब एक द्रव को एक पात्र से दूसरे में स्थानांतरित किया जाता है तो कौन-सी मापने योग्य राशि समान रहती है?

Ans
1. द्रव का आकार अपरिवर्तित रहता है।
2. द्रव का घनत्व हमेशा बढ़ता है।
3. द्रव का आयतन अपरिवर्तित रहता है।
4. द्रव का द्रव्यमान शून्य हो जाता है।

**Q.2** वह सही क्रम क्या है जिसमें पद की शपथ एक केंद्रीय मंत्री के लिए आबद्धकर होती है?

Ans
1. निष्ठा → संप्रभुता → कर्तव्य और निष्पक्षता → निष्ठापूर्वक निर्वहन
2. अखंडता → संविधान → संप्रभुता → कर्तव्य → निष्पक्षता (भय या पक्षपात के बिना न्याय)
3. संविधान → न्याय → अखंडता → संप्रभुता
4. संविधान के प्रति निष्ठा → संप्रभुता और अखंडता → कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन → निष्पक्षता

**Q.3** कार्तिक बिन्दु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और 11 km पूर्व की ओर गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 5 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएँ मुड़कर 14 km चलाता है। वह फिर दाएँ मुड़कर 11 km और गाड़ी चलाता है। अंततः वह दाएँ मुड़कर 3 km गाड़ी चलाता है और बिन्दु P पर रुक जाता है। बिन्दु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
1. उत्तर की ओर 7 km
2. दक्षिण की ओर 7 km
3. दक्षिण की ओर 6 km
4. उत्तर की ओर 6 km

**Q.4** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'E % V + T # H % J' है, तो E का J से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्री का पुत्र
2. पत्नी का पिता
3. माता का पिता
4. पुत्री का पति

Q.5 निम्नलिखित में से भारत के विशाल मैदानों के समतल होने का मुख्य कारण क्या है?

Ans
1. पवन का अपरदन
2. हिमनदीय क्षरण
3. विवर्तनिक उत्थान
4. नदी का निक्षेपण

Q.6 निम्नलिखित सूची-I (विश्व घटना) को सूची-II (परिणाम) के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कोड में से अपने उत्तर का चयन कीजिए।

विश्व घटना (सूची-I) परिणाम (सूची-II)
1. मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, 1972 i) सहस्राब्दी विकास लक्ष्य (MDG)
2. ब्रंटलैंड रिपोर्ट, 1987 ii) सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) का अंगीकरण
3. संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दी शिखर सम्मेलन, 2000 iii) पर्यावरणीय आंदोलन
4. संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन, 2015 iv) 'सतत विकास' शब्द का प्रतिपादन

Ans
1. 1(iii), 2(iv), 3(i), 4(ii)
2. 1(i), 2(iv), 3(iii), 4(ii)
3. 1(i), 2(ii), 3(iii), 4(iv)
4. 1(i), 2(ii), 3(iv), 4(iii)

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

250 200 160 130 ?

Ans
1. 90
2. 100
3. 120
4. 110

Q.8 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) D K & Ω # E S Y C + * A B @ R T % U $ £ Q G (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
1. 4
2. 3
3. 6
4. 5

Q.9 यदि $6\sin Y + \cos Y = \sqrt{5}\sin Y$ है, तो $\tan Y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{-6-\sqrt{5}}{36}$
2. $\frac{-6-\sqrt{5}}{41}$
3. $\frac{-7-\sqrt{5}}{31}$
4. $\frac{-6-\sqrt{5}}{31}$

**Q.10** नीचे दिए गए दो कथनों, जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है, के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन **(A):** जैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट का अत्यधिक संचय भी पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।
कारण **(R):** धीमे अपघटन से दुर्गंध आ सकती है और बीमारियाँ फैल सकती हैं।

**Ans**

1. A और R दोनों सही हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
2. A सही है, लेकिन R गलत है।
3. A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
4. A गलत है, लेकिन R सही है।

**Q.11** समीकरण $\frac{x-3}{x-4} + \frac{x-6}{x-5} = \frac{5}{2}$ का विविक्तकर ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. −7
2. 6
3. −6
4. 7

**Q.12** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी चॉकलेट, जूस हैं।
सभी जूस, मेडिसिन हैं।
कोई जूस, बिस्किट नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कोई मेडिसिन, बिस्किट नहीं है।
(II): कोई चॉकलेट, बिस्किट नहीं है।

**Ans**

1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.13** $5^3 \times 8^2 \times 12$, $5^2 \times 12^2 \times 16$ और $8^3 \times 12^2 \times 16^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य क्या होगा?

**Ans**

1. 219 × 32 × 53
2. 222 × 32 × 53
3. 221 × 32 × 53
4. 220 × 32 × 53

**Q.14** यदि कोई किसान अपनी फसल में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहता है, तो उसे किस फसल की खेती पर विचार करना चाहिए?

**Ans**

1. अनाज
2. तिलहन
3. दालें
4. सब्जियाँ और मसाले

**Q.15** एक सेल के दौरान 50% माल, 19% के लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 20% माल, 40% के लाभ पर बेचा जाता है और फिर उसके बाद के शेष माल को 25% की हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 2
2. 3.5
3. 5
4. 4

**Q.16** यदि चंद्रू एक नाव से धारा के विपरीत दिशा में 45 घंटे में 285 km की दूरी तय करता है, और धारा की दिशा में उतनी ही दूरी तय करने में उसे 18 घंटे का समय लगता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 1.39 km/h
2. 5.16 km/h
3. 5.78 km/h
4. 4.75 km/h

**Q.17** एक वस्तु को उसके अंकित मूल्य के 76% पर बेचने पर, एक व्यापारी को 20% की हानि होती है। यदि वह इसे अंकित मूल्य के 99% पर बेचता है, तो लाभ प्रतिशत क्या होगा?

**Ans**

1. $3\frac{3}{19}\%$
2. $1\frac{1}{19}\%$
3. $2\frac{2}{19}\%$
4. $4\frac{4}{19}\%$

**Q.18** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

115, 119, 127, 139, 155, ?

**Ans**

1. 177
2. 175
3. 171
4. 173

**Q.19** एक निश्चित कूट में,
'child plays game' को 'ra so tu' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'adult plays work' को 'ke so mi' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'game work activity' को 'tu mi lo' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।

प्र. activity के लिए कूट क्या है?

**Ans**

1. ke
2. mi
3. lo
4. tu

**Q.20** अतिरिक्त हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के साथ अभिक्रिया करने पर कौन-सी धातु सबसे अधिक ऊष्मा मुक्त करती है?

**Ans**

1. मैग्नीशियम
2. निकैल
3. ज़िंक
4. आयरन

**Q.21** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**21, 274**
**34, 443**

**Ans**

1. 26, 339
2. 24, 312
3. 29, 376
4. 27, 351

**Q.22** जनवरी 2025 में, भारत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक स्थापित (dock) करने वाला विश्व का चौथा राष्ट्र बन गया। इस मिशन का नाम क्या था?

**Ans**

1. चंद्रयान-3
2. स्पैडेक्स
3. गगनयान
4. मार्स ऑर्बिटर

**Q.23** उस संख्या-समूह का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं, जैसे नीचे दिए गए संख्या-समूह की संख्याएँ आपस में संबंधित हैं।
(ध्यान दें : संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना,पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**(24, 8, 96)**
**(28, 7, 98)**

**Ans**

1. (52, 4, 102)
2. (48, 8, 144)
3. (32, 6, 96)
4. (44, 6, 134)

**Q.24** मिस्टर Y ने 6 km/hr, 20 km/hr और 27 km/hr की चाल से क्रमशः 438 km, 820 km और 972 km की यात्रा की। उनकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $14\frac{11}{15}$
2. $14\frac{13}{15}$
3. $14\frac{8}{15}$
4. $14\frac{14}{15}$

**Q.25** जब कोई वस्तु पृथ्वी की सतह के पास मुक्त पतन में होती है और यदि वायु प्रतिरोध की उपेक्षा की जाए तो निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक राशि नियत रहती है?

**Ans**

1. वेग नियत रहता है।
2. संवेग नियत रहता है।
3. ऊर्जा नियत रहती है।
4. गुरुत्वीय त्वरण नियत रहता है।

**Q.26** एक बड़ी केंद्रीय रिक्तिका निम्नलिखित में से किस कोशिका की एक विशिष्ट विशेषता है?

**Ans**
1. जंतु कोशिकाएँ
2. जीवाणु कोशिकाएँ
3. पादप कोशिकाएँ
4. प्रोटोजोआ कोशिकाएँ

**Q.27** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

OUT USE TUG RIP

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, दाईं ओर से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाईं ओर से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

**Ans**
1. 10
2. 14
3. 11
4. 12

**Q.28** मद्रास में इंडियन होम रूल लीग (Indian Home Rule League) की स्थापना ______ द्वारा की गई थी।

**Ans**
1. बाल गंगाधर तिलक
2. सुभाष चंद्र बोस
3. एनी बेसेंट
4. महात्मा गांधी

**Q.29** एक विद्युत इस्तरी में शुद्ध धातु के स्थान पर किसी मिश्रधातु के तापन अवयव का उपयोग क्यों किया जाता है? मिश्रधातु का कौन-सा गुणधर्म इस चयन को सही ठहराता है?

**Ans**
1. मिश्र धातुएँ सस्ती होती हैं।
2. मिश्र धातुओं की प्रतिरोधकता कम होती है।
3. मिश्र धातुओं में उच्च प्रतिरोधकता होती है और वे उच्च तापमान पर आसानी से ऑक्सीकृत नहीं होती हैं।
4. मिश्र धातुएँ बेहतर सुचालक होती हैं।

**Q.30** एक घनाभ की लंबाई, उसकी ऊँचाई की तीन गुनी है, और चौड़ाई, ऊँचाई की दोगुनी है। यदि ऊँचाई ($x^2$ + 2) cm है, तो x = 2 पर घनाभ का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 240 cm2
2. 300 cm2
3. 360 cm2
4. 420 cm2

**Q.31** मीना, सुनीता, कविता, रीना और प्रीति की लंबाई अलग-अलग हैं। केवल दो लोग कविता से छोटे हैं। रीना, प्रीति से लंबी है लेकिन सुनीता से छोटी है। मीना सबसे लंबी है। सबसे छोटी कौन है?

**Ans**
1. रीना
2. मीना
3. प्रीति
4. सुनीता

**Q.32** भारत सरकार द्वारा 1984 में गठित 'सार्वजनिक उद्यमों की नीति समीक्षा समिति' के अध्यक्ष कौन थे?

**Ans**
1. अर्जुन सेनगुप्ता
2. सुबिमल दत्त
3. के. कस्तूरीरंगन
4. एस. एस. तारापोर

Q.33 8 के पहले 18 धनात्मक गुणजों का औसत कितना है?

Ans
1. 76
2. 18
3. 72
4. 8

Q.34 C, D, E, F, X, Y और Z में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है, जो सोमवार से शुरू होकर उसी सप्ताह के रविवार को समाप्त होती है।
D से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। C के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। D और Z के बीच में केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षाएँ होती हैं। X और Y के बीच में केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। F की परीक्षा X के ठीक पहले होती है।
E और X के बीच में कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
1. तीन
2. चार
3. एक
4. दो

Q.35 A और B क्रमशः 15 दिनों और 10 दिनों में एक काम को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ मिलकर काम करना शुरू किया, लेकिन 4 दिनों के बाद B को काम छोड़ना पड़ा और A ने शेष काम अकेले पूरा किया। पूरा काम ______________ दिनों में समाप्त हुआ।

Ans
1. 6
2. 9
3. 10
4. 5

Q.36 सात व्यक्ति F, J, M, L, R, V और X एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।
F और L के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J के दाईं ओर केवल M बैठा है। L और J के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, V के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन X के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। R के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 2
2. 1
3. 4
4. 3

Q.37 'मध्यम-आय जाल (Middle-Income Trap)' ________ को संदर्भित करता है।

Ans
1. उच्च-आय का दर्जा प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना
2. विदेशी सहायता पर अत्यधिक निर्भरता
3. उच्च-आय का दर्जा प्राप्त होने में तेजी से परिवर्तन
4. कृषि पर विशेष ध्यान

Q.38 एक फल विक्रेता को ₹60/kg और ₹68.40/kg मूल्य वाली आम की दो किस्मों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए, ताकि आम की मिश्रित किस्म को ₹79.80/kg पर बेचने पर उसे 18.75% का लाभ हो?

Ans
1. 3 : 7
2. 7 : 3
3. 1 : 6
4. 6 : 1

Q.39 किस प्रकार के गोलीय दर्पण की परावर्तित सतह भीतर की ओर वक्रित होती है, जो गोले के केंद्र की ओर अभिमुख होती है?

Ans
1. उत्तल दर्पण
2. परवलयिक दर्पण
3. अवतल दर्पण
4. समतल दर्पण

Q.40 ऑक्सीकरण के कारण समय के साथ एक चमकदार धातु की चमक मंद पड़ जाती है। इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं?

Ans
1. संक्षारण
2. वाष्पन
3. निस्यंदन
4. ऊर्ध्वपातन

Q.41 एक ठोस गोले का आयतन ($cm^3$ में) क्या है जिसकी त्रिज्या 2.1 cm (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) है? ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें।)

Ans
1. 34.81
2. 32.80
3. 38.81
4. 36.80

Q.42 केंद्रक में क्रोमोसोम होते हैं, जो केवल कोशिका विभाजन के समय ही छड़ाकार (rod-shaped) की संरचनाओं के रूप में दिखाई पड़ते हैं। ये क्रोमोसोम _____ से बने होते हैं।

Ans
1. आरएनए और लिपिड
2. ग्लूकोज और एंजाइम
3. डीएनए और प्रोटीन
4. अमीनो अम्ल और कार्बोहाइड्रेट

Q.43 एक गेंद मेज़ के किनारे पर रखी है और उसे अछूता (बिना हिलाए) छोड़ दिया गया है। अपनी स्थिति के कारण प्रारंभिक रूप से गेंद में मुख्य रूप से किस प्रकार की ऊर्जा निहित है, और यदि इसे मेज़ से नीचे धकेल दिया जाए तो क्या होगा?

Ans
1. गेंद में रासायनिक ऊर्जा निहित है और गिरने पर यह इसे मुक्त करेगी।
2. गेंद में स्थितिज ऊर्जा होती है और नीचे गिरने पर यह गतिज ऊर्जा में परिवर्तित हो जाएगी।
3. इसकी आकृति के कारण गेंद में लोचदार स्थितिज ऊर्जा होगी।
4. गेंद में गतिज ऊर्जा होती है और जब तक कोई बल उस पर कार्य नहीं करता, वह स्थिर रहेगी।

Q.44 एक वेंडिंग मशीन में ₹1, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्के हैं। एक ट्रे में, इन मूल्यवर्गों के सिक्कों की संख्या का अनुपात 2 : 3 : 4 है और उनका कुल मूल्य ₹180 है। एक दूसरी ट्रे में, ₹1, 50 पैसे और 25 पैसे के सिक्कों के मूल्यों का अनुपात 13 : 11 : 7 है और इस ट्रे में सिक्कों की कुल संख्या 378 है। दोनों ट्रे में मिलाकर 50 पैसे के सिक्कों की कुल संख्या कितनी है?

Ans
1. 250
2. 253
3. 251
4. 252

Q.45 यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 ÷ 3 + 32 × 4 − 5 = ? + 3

Ans
1. 38
2. 32
3. 34
4. 36

**Q.46** एक वैज्ञानिक यह प्रदर्शित करना चाहती है कि विक्षेपण तरंगदैर्घ्य पर निर्भर करता है। वह प्रिज्म से एकवर्णी लाल प्रकाश गुजारती है। वह क्या अवलोकन करती है और क्यों?

**Ans**
1. कई लाल किरणें निकलती हैं, जिनमें से प्रत्येक एक अलग कोण पर होती हैं।
2. केवल एक ही लाल किरण निकलती है; कोई स्पेक्ट्रम नहीं बनता है क्योंकि केवल एक ही तरंगदैर्ध्य होती है।
3. लाल प्रकाश अवशोषित हो जाता है, इसलिए कुछ भी नहीं निकलता है
4. एक पूर्ण स्पेक्ट्रम दिखाई देता है, जो सभी रंगों को दिखाता है।

**Q.47** P और Q मिलकर एक टंकी को 24 घंटे में जल से भर सकते हैं। यदि P अकेले उसी टंकी को 96 घंटे में जल से भर सकता है, तो Q अकेले उसी टंकी के तीन-चौथाई हिस्से को कितने घंटे में जल से भरेगा?

**Ans**
1. 48
2. 24
3. 49
4. 25

**Q.48** किसी व्यक्ति को, जो संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, मंत्रिपरिषद में नियुक्त किया जा सकता है; इसके लिए उन्हें किस निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर किसी भी सदन का सदस्य बनना होगा?

**Ans**
1. 06 महीने
2. 09 महीने
3. 12 महीने
4. 03 महीने

**Q.49** महान हिमालय का उत्तर-पश्चिमी सिरा कौन-सा शिखर बनाता है?

**Ans**
1. नंगा पर्वत
2. नामचा बरवा
3. कंचनजंगा
4. माउंट एवरेस्ट

**Q.50** सरल कीजिए: $\frac{4}{5}+\left(\frac{1}{1+\frac{5}{8}}\right)-\frac{3}{5}$

**Ans**
1. $\frac{60}{71}$
2. $\frac{48}{65}$
3. $\frac{58}{63}$
4. $\frac{53}{65}$

**Q.51** अप्रैल 2025 में, विजडन 2025 की सम्मान सूची (Wisden 2025 honours list) में किन दो भारतीय क्रिकेटरों को शामिल किया गया था?

**Ans**
1. रविचंद्रन अश्विन और जेमिमा रोड्रिग्स
2. रवींद्र जडेजा और हरमनप्रीत कौर
3. जसप्रीत बुमराह और स्मृति मंधाना
4. रोहित शर्मा और रेणुका ठाकुर

**Q.52** बर्फ के पिघलने के दौरान, ऊष्मा देने पर भी तापमान स्थिर क्यों रहता है?

**Ans**

1. ऊष्मीय ऊर्जा, गतिज ऊर्जा को तुरंत बढ़ाती है।
2. बर्फ से ऊष्मीय ऊर्जा परिवेश में स्थानांतरित हो जाती है।
3. ऊष्मीय ऊर्जा सीधे कार्य में परिवर्तित हो जाती है।
4. ऊष्मीय ऊर्जा का उपयोग बर्फ के कण के बीच आकर्षण को कम करने के लिए किया जाता है।

**Q.53** सिनाबार अयस्क से सीधे अपचयन के बजाय, दो चरणों वाली तापन प्रक्रिया (Heating steps) द्वारा मर्करी (पारद) क्यों प्राप्त किया जाता है?

**Ans**

1. मर्करी सल्फाइड, अपघटन से पहले पिघलता है।
2. मर्करी सल्फाइड का पहले ऑक्साइड में परिवर्तित होना जरूरी है।
3. मर्करी ऑक्साइड केवल वायु की अनुपस्थिति में बनता है।
4. गर्म करने पर मर्करी धातु ऑक्सीजन के साथ अभिक्रिया करती है।

**Q.54** यदि A का 15%, B के 20% के बराबर है तथा B का 10%, C के 25% के बराबर है, तो A : B : C का अनुपात क्या है?

**Ans**

1. 22:17:11
2. 12:9:7
3. 20:15:6
4. 8:7:6

**Q.55** पारंपरिक टांगलिया (Tanglia) बुनाई कला के संरक्षण के लिए 2025 में किसे पद्म श्री से सम्मानित किया गया?

**Ans**

1. विनायक लोहानी
2. परमार लवजीभाई नागजीभाई
3. प्रशांत प्रकाश
4. पवन गोयनका

**Q.56** नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लें और सही विकल्प चुनें।

कथन A: दुधारू पशुओं का पालन-पोषण, मुख्य रूप से दुग्ध उत्पादन के लिए किया जाता है।

कथन B: दुधारू पशुओं का उपयोग, मुख्य रूप से कृषि क्षेत्रों में जुताई के लिए किया जाता है।

**Ans**

1. दोनों कथन A और B सही हैं।
2. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
3. कथन A सही है लेकिन B गलत है।
4. दोनों कथन A और B गलत हैं।

**Q.57** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

SWC67, XBH56, CGM45, HLR34, ?

**Ans**

1. MQX23
2. MQW23
3. NQW23
4. MOW23

**Q.58** 178 - 7 x (3 + 17) + 22 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 66
2. 60
3. 67
4. 58

**Q.59** 6 mm व्यास वाले एक बेलनाकार पाइप से 10 m/min की दर से पानी बह रहा है। एक शंक्वाकार पात्र, जिसके आधार का व्यास 60 cm और गहराई 21 cm है, को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
1. 1 घंटा, 6 मिनट
2. 1 घंटा, 12 मिनट
3. 1 घंटा, 20 मिनट
4. 1 घंटा, 10 मिनट

**Q.60** एक द्वि-उत्तल लेंस (bi-convex lens), बिंब से दोगुना बड़ा वास्तविक तथा उल्टा प्रतिबिंब बनाता है। लेंस के सापेक्ष बिंब कहाँ स्थित है?

**Ans**
1. लेंस की एक फ़ोकस दूरी तथा दुगुनी फ़ोकस दूरी के बीच
2. लेंस की दुगुनी फ़ोकस दूरी से आगे
3. लेंस की दुगुनी फ़ोकस दूरी पर
4. लेंस की फोकस दूरी पर

**Q.61** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा एक ही सप्ताह में सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले अलग-अलग दिनों में है।
T के बाद केवल पांच लोगों की परीक्षा है। R से पहले केवल पांच लोगों की परीक्षा है। U की परीक्षा P से ठीक पहले है। V की परीक्षा U से पहले है लेकिन S के बाद किसी दिन है।
V और Q के बीच में कितने लोगों की परीक्षा है?

**Ans**
1. तीन
2. दो
3. एक
4. चार

**Q.62** महेश ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹420000 की राशि उधार ली। 6% वार्षिक की दर से 2 वर्ष पश्चात वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?

**Ans**
1. 51400
2. 49400
3. 50400
4. 53400

**Q.63** लोहे की किलों को जंग लगने से बचाने के लिए उन पर ज़िंक का लेपन किया जाता है। ज़िंक की परत खुरच जाने के बाद भी किलों पर जंग क्यों नहीं लगती है?

**Ans**
1. ज़िंक नमी के साथ अभिक्रिया करके एक सुरक्षात्मक पतली परत बनाता है।
2. ज़िंक की उपस्थिति में लोहा जंगरोधी बन जाता है।
3. ज़िंक एक उत्सर्गी एनोड की तरह कार्य करता है और लोहे के स्थान पर स्वयं खुरच जाता है।
4. ज़िंक एक कठोर ऑक्साइड परत बनाता है।

**Q.64** यदि x, y के अनुक्रमानुपाती तथा z के व्युत्क्रमानुपाती है, और y = 40 और z = 3 होने पर x = 16 है, तो y = 50 और z = 6 होने पर, x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 12
2. 15
3. 10
4. 16

**Q.65** बेकिंग सोडा ($NaHCO_3$) का उपयोग सामान्यतः भोजन पकाने में किया जाता है। इसके बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
1. यह अम्लीय प्रकृति का होता है और इसका pH < 7 होता है।
2. यह जल या अम्ल के साथ अभिक्रिया नहीं करता है।
3. यह अम्लों के साथ अभिक्रिया करके कार्बन डाइऑक्साइड गैस मुक्त करता है।
4. यह एक प्रबल क्षार है जो लाल लिटमस को नीला कर देता है।

Q.66 **भारी व्यायाम के दौरान मांसपेशियों की कोशिकाएं कभी-कभी अवायवीय श्वसन क्यों करती हैं?**

Ans
1. क्योंकि ऑक्सीजन की आपूर्ति सीमित हो जाती है।
2. क्योंकि ग्लूकोज उपलब्ध नहीं होता है।
3. क्योंकि लैक्टिक अम्ल की आवश्यकता होती है।
4. क्योंकि शरीर ऊर्जा संचित करना चाहता है।

Q.67 **भारतीय नर्तक गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम किस नृत्य शैली से संबंधित थे, जिसके लिए उन्हें 1998 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?**

Ans
1. कथकली
2. मोहिनीअट्टम
3. कुचिपुड़ी
4. मणिपुरी

Q.68 **अभिकथन (A): यदि दिए गए आंकड़ों (आरोही क्रम में): 26, 29, 42, 53, x, x + 2, 70, 75, 82, 93 का माध्यक 60 है, तो x का मान 59 होगा।**

**कारण (R): जब प्रेक्षणों की संख्या (n) सम होती है, तो माध्यक (बीच के पदों का योग) का मान $\frac{1}{2}$ होता है, बशर्ते आकड़े आरोही क्रम में व्यवस्थित किए गए हों।**

Ans
1. अभिकथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।
2. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं और R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
3. अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों ही सही हैं और R, A की सही व्याख्या करता है।
4. अभिकथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

Q.69 **नीचे दिए गए दो कथनों का संदर्भ लें और सही विकल्प चुनें।**

**कथन A: भंडारण की प्रतिकूल स्थितियाँ (अनुचित भंडारण) अनाजों में वज़न में कमी और रंग फीका पड़ने का कारण बनती हैं।**

**कथन B: भंडारण की प्रतिकूल स्थितियाँ बीज की जीवनक्षमता (अंकुर क्षमता) और अनाज की बनावट में सुधार करती हैं।**

Ans
1. दोनों, कथन A और B गलत हैं।
2. दोनों, कथन A और B सही हैं।
3. कथन A सही है लेकिन B गलत है।
4. कथन A गलत है लेकिन B सही है।

Q.70 **एल्कीनों में कार्बन और हाइड्रोजन परमाणुओं की संख्या के बीच निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही है?**

Ans
1. CnH2n-2
2. CnH2n+2
3. CnH2n
4. CnH2n+4

Q.71 **तीव्र राष्ट्रवादी गतिविधि (heightened nationalist activity) के चरण में खेड़ा सत्याग्रह को अहमदाबाद मिल हड़ताल से कौन-सा मुख्य अंतर पृथक करता था?**

Ans
1. ग्रामीण किसानों की लामबंदी (Mobilisation) बनाम शहरी श्रमिकों का संगठन
2. समान राष्ट्रवादी व्यक्तित्व के अंतर्गत सामान्य नेतृत्व
3. संवैधानिक और विधायी मांगों पर जोर
4. औपनिवेशिक प्रधिकारियों से की गई याचिकाओं और अपीलों पर निर्भरता

**Q.72** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

36, 289
58, 465

**Ans**
1. 21, 168
2. 23, 185
3. 19, 183
4. 32, 256

---

**Q.73** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B का बेटा है'
A – B अर्थ है 'A, B की बहन है'
A x B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'

यदि 'C x S + D ÷ F – G' हो, तो उपरोक्त के आधार पर C का G से क्या संबंध है?

**Ans**
1. भाई की पत्नी
2. भाई की बेटी
3. पत्नी
4. बेटी

---

**Q.74** यदि 8 और 48 का तृतीयानुपाती x हो, तो x का मान क्या है?

**Ans**
1. 291
2. 286
3. 289
4. 288

---

**Q.75** ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स, 2025 के अनुसार भारतीय वायु सेना का स्थान क्या है?

**Ans**
1. सातवाँ
2. चौथा
3. पाँचवाँ
4. छठवाँ

---

**Q.76** $(x^2-4x+7)$ को $(x-2)$ से भाग देने पर शेषफल क्या प्राप्त होता है?

**Ans**
1. −1
2. 7
3. 3
4. 1

---

**Q.77** मेथेन (methane) के पूर्ण और अपूर्ण दहन से उत्पन्न उत्पादों की तुलना कीजिए।

**Ans**
1. पूर्ण → $CO_2 + H_2O$; अपूर्ण → $CO + H_2O$
2. पूर्ण → $CO + H_2O$; अपूर्ण → $CO_2 + H_2O$
3. पूर्ण → $CO + H_2O$; अपूर्ण → $C + H_2O$
4. पूर्ण → $CO_2$ केवल; अपूर्ण → $H_2O$ केवल

| | | |
|---|---|---|
| Q.78 | **अपवर्तन के स्नेल के नियम के अनुसार किसी दिए गए रंग और माध्यम के युगल के लिए आपतन कोण की ज्या (sine) तथा अपवर्तन कोण की ज्या (sine) के अनुपात के बारे में क्या बताता है?** | |
| Ans | 1. यह सदैव एक स्थिरांक रहता है।<br>2. यह दर्पण के प्रकार पर निर्भर करता है।<br>3. यह अभिलंब के साथ बदलता रहता है।<br>4. यह आपतन के कोण के साथ परिवर्तित होता है। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.79 | **एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको निर्णय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर का निर्णय लें।**<br><br>**प्रश्न: Ax, Bk, Cq, Dp और Ev एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। Cq के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?**<br><br>**कथन:**<br>**(I) Bk, Ev के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Dp, Ev के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।**<br>**(II) Ax, Cq के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Dp, Bk के ठीक बाईं ओर बैठा है।** | |
| Ans | 1. केवल कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।<br>2. केवल कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।<br>3. कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।<br>4. कथन I और II दोनों एकसाथ (और केवल कथन I या केवल कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.80 | **निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और आगे आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है। (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं।)**<br><br>**(बाएँ) 2 # @ 1 4 ^ 8 9 + 2 ? $ 3 ^ 7 * 9 8 (दाएँ)**<br><br>**ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद भी एक संख्या है?** | |
| Ans | 1. तीन<br>2. पाँच<br>3. चार<br>4. दो | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.81 | **अपचयन से पहले जिंक कार्बोनेट अयस्क को जिंक ऑक्साइड में बदलने के लिए किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?** | |
| Ans | 1. वायु की सीमित मात्रा में अत्यधिक गर्म करना<br>2. कार्बन चूर्ण के साथ गर्म करना<br>3. वायु की अतिरिक्त मात्रा में अत्यधिक गर्म करना<br>4. एल्यूमीनियम चूर्ण के साथ गर्म करना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.82 | **कृषि पशुओं में टीकाकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है?** | |
| Ans | 1. उन्हें अनेक विषाणु और जीवाणु रोगों से बचाना<br>2. पशु आहार की गुणवत्ता में सुधार करना<br>3. दूध उत्पादन बढ़ाना<br>4. बाह्य परजीवियों के हमलों से बचाना | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.83 | **अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार में से तीन किसी न किसी तर्क के अनुसार समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं।**<br>**वह कौन-सा है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?**<br>**(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)** | |
| Ans | 1. DBX<br>2. WUQ<br>3. USO<br>4. MLG | |

Q.84 $\sqrt{\left(77+\sqrt{\left((12+\sqrt{\left(10+\sqrt{\left(32+\sqrt{(16)}\right)}\right)}\right)}\right)}$ का मान क्या है?

Ans
1. 13
2. 9
3. 8
4. 11

Q.85 एक व्यापारी ₹4.50 प्रति अंडे की दर से 1,200 अंडे खरीदता है। परिवहन के दौरान 8% अंडे टूट जाते हैं। शेष अंडे ₹6.00 प्रति अंडे की दर से बेचे जाते हैं। कुल लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $22\frac{1}{3}\%$
2. $21\frac{2}{3}\%$
3. $21\frac{1}{3}\%$
4. $22\frac{2}{3}\%$

Q.86 स्थलीय खाद्य श्रृंखलाओं में पोषण स्तरों की संख्या आमतौर पर 4-5 तक ही सीमित क्यों होती है?

Ans
1. शीर्ष परभक्षी कम खाते हैं
2. पौधे कम ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं।
3. उच्च पोषण स्तरों पर उपलब्ध ऊर्जा कम होती जाती है।
4. अपघटक सभी ऊर्जा का पुनर्चक्रण करते हैं।

Q.87 दो क्रमागत विषम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 3530 है। उन संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 84
2. 100
3. 80
4. 98

Q.88 10 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक नीचे दिए गए हैं:

12, 12, 20, 12, 12, 17, 17, 18, 18, 13

आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20
2. 15
3. 12
4. 17

Q.89 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर QSTV एक निश्चित प्रकार से ZBCE से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार, VXYA, EGHJ से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए XZAC निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
1. GJIR
2. GIJL
3. GIIL
4. GHIL


| | | |
|---|---|---|
| Q.90 | दो वृत्त, जिनके केंद्र क्रमशः A और B हैं, एक बिंदु M पर बाह्य रूप से स्पर्श करते हैं। M पर खींची गई एक स्पर्श रेखा पर एक बिंदु P से, वृत्तों पर स्पर्श रेखाएं PQ और PR खींची गई हैं, जिनके स्पर्श बिंदु क्रमशः Q और R हैं। यदि AP = 13 cm और AM = 5 cm है, तो PQ + PR - PM का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 13 cm<br>2. 10 cm<br>3. 14 cm<br>4. 12 cm | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.91 | अमित ने समान राशि साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है) पर निवेश की। दोनों राशियों की समयावधि 2 वर्ष थी और ब्याज दर भी समान 10% वार्षिक थी। अंत में, उसने दोनों प्राप्त ब्याज में ₹45 का अंतर पाया। प्रत्येक स्थिति में निवेश की गई राशि (₹ में) कितनी थी? | |
| Ans | 1. 4,500<br>2. 3,750<br>3. 4,850<br>4. 3,600 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.92 | अक्टूबर 2024 में विश्व न्याय परियोजना (World Justice Project - WJP) विधि सम्मत शासन सूचकांक (Rule of Law Index), 2024 द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 142 देशों में से भारत का स्थान कौन-सा है? | |
| Ans | 1. 79वां<br>2. 14वां<br>3. 52वां<br>4. 10वां | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.93 | ऑक्सी श्वसन के दौरान, प्रत्येक पाइरुवेट अणु विखंडित होकर कार्बन डाइऑक्साइड के ______ अणु देता है। | |
| Ans | 1. चार<br>2. एक<br>3. तीन<br>4. दो | |

Q.94 नीचे दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)
कितने कवि न तो लेखक हैं और न ही शिक्षक?




संदर्भ: Teachers - शिक्षक, Writers - लेखक, Poets - कवि

Ans
1. 10
2. 16
3. 15
4. 22

Q.95 ईंधन की कीमत में तीन क्रमिक महीनों में क्रमश: 35%, 10% और 50% की कमी होती है, लेकिन चौथे महीने में इसमें 40% की वृद्धि होती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि या कमी हुई है?

Ans
1. 56.75% की वृद्धि हुई है।
2. 64.45% की वृद्धि हुई है।
3. 59.05% की कमी आई है।
4. 63.97% की कमी आई है।

Q.96 एक छात्र अवलोकन करता है कि धारावाही तार के पास लाने पर एक दिक् सूचक सुई विक्षेपित होती है। चुंबकीय क्षेत्रों की अपनी समझ का उपयोग करते हुए, समझाइए कि ऐसा क्यों होता है?

Ans
1. एक धारवाही तार एक चुंबकीय क्षेत्र बनाता है जो दिक् सूचक सुई पर बल आरोपित करता है।
2. तार गर्म हो जाता है, जिसके कारण वायुधारा सुई को हिलाती है।
3. तार के कारण एक गुरुत्वीय प्रभाव उत्पन्न होता है, जिससे सुई हिलती है।
4. तार एक विद्‌युत बल उत्पन्न करता है जो दिक् सूचक सुई पर कार्य करता है।

Q.97 एक कार 10 सेकंड में उत्तर दिशा में 120 मीटर की दूरी तय करती है और फिर अगले ही 10 सेकंड में तुरंत अपनी प्रारंभिक स्थिति पर वापस लौट आती है। निम्न में से कौन-सा कथन पूरी यात्रा के लिए कार के औसत वेग का सबसे सटीक वर्णन करता है?

Ans
1. औसत वेग 6 मीटर/सेकंड है क्योंकि 20 सेकंड में कुल दूरी 240 मीटर है।
2. औसत वेग 12 मीटर/सेकंड है क्योंकि कार ने 10 सेकंड में 120 मीटर की दूरी तय की।
3. औसत वेग 12 मीटर/सेकंड है क्योंकि कुल समय 10 सेकंड है।
4. औसत वेग शून्य है क्योंकि विस्थापन शून्य है।

Q.98 विरामवस्था में स्थित एक गेंद को 20 m ऊँची इमारत के शीर्ष से गिराया जाता है। गणना करें कि यह धरती से किस चाल से टकराएगी। ($g = 10\ m/s^2$)

Ans
1. 14 m/s
2. 40 m/s
3. 20 m/s
4. 10 m/s

Q.99 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, QL 2 का संबंध SG 16 से है। उसी तर्क के अनुसार, EI 6 का संबंध GD 20 से है। उसी तर्क के अनुसार, PN 8 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
1. UJ 23
2. YU 11
3. JI 12
4. RI 22

Q.100 एक निश्चित कूट में,
'great people gathering' को 'sc nj gy' 'के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'great minds together' को 'xg jp sc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
'read people minds' को 'nj ys jp' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट को केवल दो अक्षर में कूटबद्ध किया गया है)
'together gathering' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. sc ys
2. gy jp
3. gy ys
4. xg gy

"